न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी, जिला जोधपुर

रामेश्वर नवल पुत्र जीताराम बनाम राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार लूणी

राजस्व विविध प्रार्थना संख्या : 32/2026

अन्तर्गत धारा :– तरमीम दुरस्ती

हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
18.02.26	ग्रामीण सेवा शिविर ग्राम पंचायत सतलाना में प्रार्थी रामेश्वर नवल पुत्र जीताराम नवल जाति जटिया निवासी ग्राम पंचायत सतलाना तहसील लूणी द्वारा प्रार्थना पत्र पेश कर ग्राम माधोपुरा तहसील लूणी के खसरा संख्याा 475/1 तथा 475/4 है जबकि वर्तमान में खसरा संख्या 475/4 की जगह पर 475/3 बता रहा है जिसे सुधार करने का निवेदन किया है। प्रार्थी के प्रार्थना पत्र के संबंध में तहसीलदार लूणी को प्रार्थना पत्र की जांच लिखा गया। तहसीलदार लूणी के पत्र क्रमांक भू.अ./2025/3969 दिनांक 10.12.2025 रिपोर्ट अन्तर्गत धारा 131 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम की पेश की गई। प्रार्थना पत्र दर्ज किया गया। तहसीलदार लूणी की जांच रिपोर्ट के अनुसार ग्राम माधोपुरा के खसरा नंबर 475/4 रकबा 1.1979 हैक्टेयर की तरमीम ऑनलाईन डीआईएलआरएमपी के तहत त्रुटिवश गलत दर्ज होने से उक्त त्रुटि को रिपोर्ट में अंकित नजरी नक्शा व नामान्तरकरण संख्या 1838 की पुश्त पर अंकित नजरी नक्शे अनुसार शुद्धि किया जाना उचित बताया है। पत्रावली का अवलोकन किया गया। अतः प्रार्थी के प्रार्थना पत्र एवं तहसीलदार लूणी की रिपोर्ट अनुसार राजस्व रेकर्ड में तरमीम दुरूस्त करने की अनुशंषा किये जाने पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत तरमीम दुरूस्ती हेतु स्वीकार किया जाकर तहसीलदार लूणी को निर्देशित किया जाता है कि ग्राम ग्राम माधोपुरा के खसरा नंबर 475/4 एव 475/3 की तरमीम राजस्व रेकर्ड में तहसीलदार रिपोर्ट के संलग्न नजरी नक्शा एवं मौका फर्द दिनांक 04.11.2025 के अनुसार शुद्ध किया जाकर रेकर्ड दुरस्ती का अमल दरामद करें। आदेश सुनाया। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। हंसमुख कुमार आर. ए. एस. सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी	